एशियाई अमेरिकियों और प्रशांत द्वीपवासियों के लिए व्हाइट हाउस की पहल

तथ्य पत्रक: AAPI और बिना दस्तावेज़ों के हैं? अपने भविष्य में निवेश करें

एशियाई मूल के करीब 15 लाख बिना दस्तावेज़ों वाले व्यक्ति छुप कर रहते हैं।[1] बहुत से नौजवान लोग जो, अपनी अप्रवासन स्थिति की वजह से, अपनी पूरी क्षमता प्राप्त करने में असमर्थ हैं।

> *" वे अपने दिल, अपने दिमाग, हर तरीके से अमेरिकन है, सिवाय कागज़ों पर होने के। उन्हें उनके अभिभावकों द्वारा इस देश में लाया गया था - कई बार नवजात शिशुओं की तरह - और अक्सर उन्हें पता भी नहीं होता कि उनके पास दस्तावेज़ नहीं हैं जब तक कि वे एक नौकरी के लिए या ड्राइवर लाइसेंस के लिए, या कॉलेज स्कॉलरशिप के लिए आवेदन नहीं करते। अपने आपको उनकी स्थिति में रखकर सोचें। कल्पना करें कि आपने अपने पूरे जीवन सब कुछ सही किया है - मेहनत से पढ़ाई की, मेहनत से काम किया, यहाँ तक कि शायद अपनी कक्षा में शीर्ष पर स्नातक भी हुए - पर अचानक पता लगा कि आप एक ऐसे देश में वापिस भेजे जाने के खतरे का सामना कर रहे हैं जिसके बारे में आप कुछ नहीं जानते, एक ऐसी भाषा वाले देश जो शायद आप बोलते भी नहीं हैं।"*
>
> *– राष्ट्रपति बराक ओबामा, 15 जून 2012*

<u>बचपन में आये हुए बच्चों के लिए विलम्बित कार्रवाई (DACA)</u>

15 जून 2012 को ओबामा प्रशासन ने घोषित किया कि डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी बचपन में आये हुए बच्चों के लिए विलम्बित कार्रवाई (DACA) स्थापित करेगा। 2012 की DACA नीति कुछ बिना दस्तावेज़ वाले व्यक्तियों, जो अमेरिका में बच्चों की तरह आये थे, एक मामला-दर-मामला आधार पर न्यायाधीश के विवेकाधिकार के तहत निकाले जाने से अस्थाई राहत प्राप्त करने अनुमति देती है, यदि यह प्राप्त हो जाता है, तो रोज़गार करने के अधिकार के लिए आवेदन करने के लिए।

अनुमान है कि एशियाई मूल के करीब 130,000 बिना दस्तावेज़ों वाले व्यक्ति DACA के तहत सोच-विचार किये जाने के लिए अनुरोध करने में सक्षम हो सकते हैं।[2] इनमें से अधिकतर कैलीफ़ोर्निया, न्यूयॉर्क, और टैक्सस जैसे बड़े शहरों में रहते हैं लेकिन कई फ्लोरिडा, जार्जिया, और नार्थ कैरोलीना जैसे राज्यों में भी रहते हैं। उनमें से बहुमत कोरियन, फिलीपीनो, चाइनीज़, भारतीय, और वियतनामी लोग है जो 2012 DACA नीति के तहत पात्र हो सकते हैं। इसके अलावा, बहुत से पैसीफिक से लेकर पूर्व एशिया से आये लोग भी संभावित DACA प्राप्तकर्ता हैं।

---

[1] अमेरिका के जनगणना ब्यूरो अमेरिकी समुदाय सर्वेक्षण (ACS) सार्वजनिक उपयोग के लिए व्यक्तिगत जानकारी (PUMS) का विश्लेषण। बिना दस्तावेज़ों वाली जनसंख्या का अनुमान लगाने के लिए उपयोग किये गये तरीके के लिए, रॉबर्ट वारेन को देखें। "अमेरिका में अनाधिकृत निवासियों के बारे में डेटा को लोकतंत्रात्मक बनाना: अनुमान और सार्वजनिक उपयोग डेटा, 2010 से 2013।" *प्रवास और मानव सुरक्षा पर पत्रिका* 2 संख्या 4 (2014)।

[2] अमेरिका के जनगणना ब्यूरो अमेरिकी समुदाय सर्वेक्षण (ACS) सार्वजनिक उपयोग के लिए व्यक्तिगत जानकारी (PUMS) का विश्लेषण। DACA-पात्रता वाली जनसंख्या का अनुमान लगाने के लिए उपयोग किये गये तरीके के लिए, रॉबर्ट वारेन को देखें। "अमेरिका में अनाधिकृत निवासियों के बारे में डेटा को लोकतंत्रात्मक बनाना: अनुमान और सार्वजनिक उपयोग डेटा, 2010 से 2013।" *प्रवास और मानव सुरक्षा पर पत्रिका* 2 संख्या 4 (2014)।

DACA का प्रभाव

DACA प्राप्तकर्ताओं के सर्वेक्षण दर्शाते हैं कि बहुतों को बेहतर वेतन वाली नौकरियाँ मिल रही हैं, जिससे वे अपने परिवारों को आर्थिक तौर पर सहायता कर सकते हैं; ऐसी नौकरियाँ प्राप्त कर रहे हैं जो उनकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण से अधिक अच्छे से मेल खाती हैं; और अतिरिक्त शैक्षणिक अवसर प्राप्त कर रहे हैं।[3] इससे अमेरिका में पैदा हुए कामगरों के लिए वेतनों को बढ़ाने और अवसरों को बनाने में भी मदद मिलती है।[4]

*"DACA से पहले, मैं बस एक नौकरी से दूसरी नौकरी, एक वेतन के चैक से दूसरे चैक तक जीवन यापन कर रहा था। अब, **मैं दुनिया की सबसे बड़ी कम्पनियों में से एक में काम कर रहा हूँ और अब मैं अपने परिवार की देखभाल करने में सक्षम हूँ।** DACA के बाद, मेरी मानसिकता अब सिर्फ जीवन यापन के बारे में नहीं है, लेकिन अब मैं संपन्न होने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूँ।"*

– सागर पटागुंडी, लुईविल, KY (DACA प्राप्तकर्ता)



*"हम DACA से प्रलेखित नौजवानों को प्रतिभाशाली, बेहद प्रेरित व्यक्तियों की तरह देखते हैं जो अमेरिकी कार्यबल को मजबूत बनाते हैं। DACA ने इन व्यक्तियों को यह दिखाने का एक मौका दिया है कि वे क्या कर सकते हैं, और **एक रोज़गारदाता की तरह हम ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि वे कितनी उन्नति कर सकते हैं।**"*

– कैथी चा, सैन फ्रांसिस्को, कैलिफ़ोर्निया (रोज़गारदाता)

*"DACA से पहले, मैं इस देश में अपने भविष्य को लेकर अनिश्चित थी, लेकिन मेरी एक दिन डॉक्टर बनने की बड़ी उम्मीदें थीं। हालांकि, मेडिकल स्कूल अक्सर अप्राप्य लगता था, खासकर जब मेरी अप्रवासन स्थिति ने क्लीनिक तक में मेरे स्वयंसेवा तक करने को एक चुनौती बना दिया था। DACA के कारण, मैं नैदानिक अनुसंधान में काम करने में सक्षम हुई और **अब मैं एक पहले वर्ष का मेडिकल विद्यार्थी हूँ।** DACA ने मुझे इस देश में सबसे बेहतरीन मेडिकल स्कूलों में से एक में जाने का अवसर प्रदान किया।"*

– मारसेला ज़ाऊ, लांस एंजिल्स, कैलिफ़ोर्निया (DACA प्राप्तकर्ता)

DACA के लिए आवेदन कैसे करें

DACA के बारे में, और साथ ही साथ DACA के तहत विचार किये जाने के लिए अनुरोध कैसे करें, के बारे में अधिक जानकारी के लिए, अमेरिकी नागरिकता और अप्रवासन सेवाएँ पर जाएँ: www.uscis.gov/data.

एशियाई अमेरिकियों और प्रशांत द्वीपवासियों पर व्हाइट हाउस की पहल के बारे में अधिक जानने के लिए w.whitehouse.gov/aapi पर जाएँ, जो अमेरिकी शिक्षा विभाग में स्थित है।

---

[3] टॉम के. वॉंग, कैली के. रिष्टर, इगनाशिया रॉडरिगज़, और फिलिप ई. वॉलगिन। "DACA प्राप्तकर्ताओं के एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण के परिणाम प्रोग्राम के प्रभावों को दर्शाते हैं," 09 जुलाई 2015। https://www.americanprogress.org/issues/immigration/news/2015/07/09/117054/results-from-a-nationwide-survey-of-daca-recipients-illustrate-the-programs-impact/ रोबर्टो जी. गोंज़ालेज़ एवं अन्य। "DACA अपने तीसरे वर्ष में: उच्च शिक्षा एवं रोज़गार तक पहुंचने में आने वाली चुनौतियाँ एवं अवसर," 25 फरवरी 2016। http://www.immigrationpolicy.org/special-reports/DACA-at-Year-Three-Challenges-and-Opportunities

[4] आर्थिक सलाहकारों की व्हाइट हाउस समिति। "अप्रवासन पर प्रशासनिक कार्रवाई के आर्थिक प्रभाव।" नवम्बर 2014। https://www.whitehouse.gov/sites/default/files/docs/cea_2014_economic_effects_of_immigration_executive_action.pdf